एक नजर

पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ली बैठक

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने आज कुरुक्षेत्र में भाजपा कोर कमेटी की अहम बैठक ली। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुनानगर दौरे की तैयारियों को लेकर की गई। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी, सुभाष कलसाना, हरियाणा सरकार में चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, जय सिंह पाल, हरपाल सिंह चीका, राजकुमार सैनी, बीबी करतार कौर, रविन्द्र सांगवान, जिला महामंत्री जसविन्द्र सिंह सैनी, परमजीत कौर, अशोक गुर्जर मौजूद रहे।

सांसद सुभाष बराला ने संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती का दिया न्यौता

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : राजयसभा सांसद सुभाष बराला ने उचाना में मनाई जाने वाली संत शिरोमणि धन्ना भगत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। आज जाट धर्मशाला में उनके साथ कुरुक्षेत्र भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और शुगरफेड चेयरमैन धर्मबीर डागर भी मौजूद रहे। सांसद सुभाष बराला ने धन्ना भगत के योगदान को याद करते हुए, उनके आदर्शों और शिक्षाओं को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत जयंती का आयोजन समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर है।

जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में लगाया हैल्प डैस्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा साईबर फ्रॉड पर जागरुकता के लिए जिला कोर्ट कॉम्पलैक्स में हैल्प डैस्क लगाया गया। इसके साथ ही स्कूलों में भी साईबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हैल्प डैस्क पर भी लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इतना ही नहीं, डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बुकलेटस और पैंपलेटस भी वितरित किए गए।

पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ रहा है आगे : देवेंद्र अत्री

उचाना (नरेन्द्र जेठी) : पुरानी अनाज मंडी में तेरापंथ भवन में मनाई भगवान महाबीर जयंती में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। भगवान महावीर स्वामी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा का संदेश दिया था। हमें अहिंसा के रास्ते पर चलना चाहिए। साध्वी तिलश्री ठाणे-3 के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पर भंडारा भी लगाया। इस मौके पर वीरेंद्र करसिंधु, विकास काला, सुशील जैन, रामनिवास जैन, हनुमान जैन, रेखा, शकुंतला, दीपक पार्षद, रामकरण जैन, प्रेमचंद खापड़, मनोज, शीला जैन, सुरेश जैन, प्रमोद पालवां, दयानंद मित्तल, अनिल जैन, सुरेंद्र जैन, कृष्ण जैन, प्रमोद जैन मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में ईवीएम पर कांग्रेस द्वारा उठाए जाने वाले सवाल पर विधायक ने कहा कि हर व्यक्ति जानता है कांग्रेस के आचरण को। आज देश आगे बढ़ रहा है तो उनहें और कुछ नहीं दिखता तो ईवीएम पर जाकर भांडा फोड़ते है। तीसरी बार लोगों ने बहुमत दिया है। मर्यादा में रहकर बातें करनी चाहिए ईवीएम तो सिर्फ बहाना है। राहुल गांधी द्वारा भाजपा द्वारा दलितों को मंदिर में नहीं जाने देने के बयान पर बोलते हुए अत्री ने कहा कि कांग्रेस का आचरण हर व्यक्ति जानता है। मिर्जपुर, गोहाना कांड अभी तक लोग भूले नहीं है। वो मानसिकता खो बैठे है। भाजपा पार्टी अच्छा शासन दे रही है। लोगों ने वोट दिया है इसलिए तीसरी बार सरकार में है।

प्रधानमंत्री रैली के लिए तैयारी पूरी

10 पुलिस अधीक्षक, 29 डीएसपी व 3000 पुलिस कर्मचारी होंगे तैनात

यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता मीडिया से बातचीत करते हुए।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

यमुनानगर/मेहता : हरियाणा के यमुनानगर में 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली और थर्मल यूनिट के शिलान्यास कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। रैली स्थल और पार्किंग के लिए 170 एकड़ भूमि का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें से 40 एकड़ में पंडाल और लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं 96 एकड़ भूमि पार्किंग के लिए तैयार की गई है। यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि 10 पुलिस अधीक्षक एवं 29 डीएसपी सहित 3000 पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। इस दौरान 22 नाके लगाए जाएंगे वहीं 25 एम्बुलेंस तैनात की गई है। जबकि फायर विभाग की 21 गाड़ियां अलग-अलग इलाकों में तैनात रहेंगी। इसके साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए 15 काउंटर लगाए जाएंगे।

12 और 13 अप्रैल को की जाएगी रिहर्सल

उपायुक्त ने बताया कि इस संबंध में रिहर्सल 12 और 13 अप्रैल को की जाएगी। इसी को लेकर शहर में स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है, सड़कों की मुरम्मत की जा रही है। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो रूट परिवर्तन किया जाएगा, जिसकी सूचना समय रहते लोगों को दी जाएगी, ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिस भूमि पर कार्यक्रम और पार्किंग स्थल बनाया गया है, वह लगभग 130 एकड़ है ,जिसके लिए किसानों को मुआवजा राशि तय की गई है। और उसका केस बनाकर सरकार को भेज दिया गया है ।उम्मीद है कार्यक्रम से पहले किसानों को इसका भुगतान कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के लिए 130 एकड़ में लगी फसल को फसल तैयार होने से पहले कटवा दिया गया, ताकि समय रहते उस पर सभी तरह की तैयारी की जा सके। अब इसी को लेकर 50 से 60000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों का मुआवजा तय करके सरकार को कैस भेजा गया है, जो शीघ्र ही किसानों के खाते में पैसा भेजे जाने का आश्वासन भी दिया गया है।

बैस्ट एथलीट बनी बीए फाइनल की मुस्कान

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली प्रतिभागी खिलाड़ी।

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

उचाना (नरेन्द्र जेठी) : सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर दीपक कौशिक उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था निदेशक विनोद कुमार वशिष्ठ ने की। कौशिक ने कहा कि बेटियों को भी खेलों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलों में निरंतर बेटियों का रूझान बढ़ रहा है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। बीए फाइनल से मुस्कान ने बेस्ट एथलीट ट्रॉफी अपने नाम की। डिस्कस थ्रो में कोमल ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय एवं मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में कोमल प्रथम, मुस्कान द्वितीय, नीतू तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद में कोमल प्रथम, मुस्कान द्वितीय एवं ऊषा तृतीय स्थान पर रही।

भाइयों की हत्या मामले में तीन आरोपियों को किया काबू

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नरवाना (नरेन्द्र जेठी) : थाना सिविल लाइन जींद की टीम ने दो भाइयों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरेश, मोहित वासी निर्जन हाल निवासी सैक्टर-11 जींद व लक्ष्य वासी नन्दगढ़ के रूप में हुई है। प्रैस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी जितेन्द्र राणा ने बताया कि दिनांक 09.04.2024 को सिविल लाइन थाना में टेलीफोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सतीश व दिलबाग गन सॉट के कारण मृत अवस्था में नागरिक अस्पताल जींद में लाए गये हैं। सूचना पाकर पुलिस टीमें नागरिक अस्पताल जींद पहुची जहां मृतक सतीश का लडका मोहित हाजिर मिला जिसने अपने ब्यान में बताया कि उनकी नया बाईपास सफीदों रोड जीन्द के पास निरजन गांव की जमीन में भारत गैस की सत्यम गैस एजेंसी का गोदाम है।

उसके परिवार व उसके चाचा दिलबाग वासी निरजन का करीब दो साल से सुरेश व मोहित वासी गांव निरजन जिला जीन्द व अन्य के साथ जमीनी विवाद चल रहा है जिसके कारण हमारे पहले भी लडाई-झगड़े हुए हैं। 08.04.2025 को उसके पिता सतीश के साथ सुरेश व मोहित द्वारा हमारे गैस गोदाम के पास मारपीट की थी। दिनांक 09.04.2025 वह अपनी गाड़ी से सेक्टर-11 की मार्कीट में कुछ सामान लेने के लिए गया था। जहां पर सुरेश, मोहित व इनके साथ 3/4 अन्य

प्रैस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी जितेन्द्र राणा।

व्यक्ति गाड़ी में थे। सुरेश व मोहित उसे देखकर उसकी तरफ आए, जो कि अपने हाथो में असले/हथियार लिए थे उन्होने हमारी गाड़ी पर अपने-अपने असलो से मुझे जान से मारने की नियत से गोलियां चलानी शुरु कर दी, वह गाड़ी में नीचे की तरफ छिप गया और गाड़ी को वहां से भगा ले गया। उसने देखा कि सुरेश व उसका पुत्र मोहित व अन्य व्यक्ति जो गाड़ी में बैठे थे। जो उनके गैस गोदाम की तरफ जाने लगे। मैं भी उनके पीछे-पीछे गैस गोदाम की तरफ गया तो देखा कि हमारे गैस गोदाम के बाहर उसके पिता सतीश व चाचा दिलबाग व उसके चाचा दिलबाग का लड़का अनुज बैठे थे। उसके पिता सतीश व चाचा दिलबाग पर सुरेश व उसके लड़के मोहित ने गाड़ी से उतरकर अपने-अपने हाथों में लिए हुए असलो से फायर कर दिए। जोकि इसके पिता सतीश व चाचा दिलबाग गोलियां लगने के कारण वहीं जमीन पर गिर गए व उनकी मौत हो गई।

यज्ञ के साथ हुआ गुरुकुल में नए सत्र का शुभारंभ

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

कुरुक्षेत्र/दुग्गल : गुरुकुल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का आज हवन-यज्ञ के साथ विधिवत शुभारम्भ हुआ। प्रातः कालीन सभा में निदेशक ब्रिगेडियर डा. प्रवीण कुमार ने नव-प्रविष्ट छात्रों के साथ सभी अध्यापकों, संरक्षकों को नए सत्र पर बधाई दी। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का युग है इसलिए अपने एक-एक क्षण का उपयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करें।

आचार्यश्री देवव्रत के पुरुषार्थ को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि आचार्यश्री के कठिन परिश्रम और दूरगामी सोच से आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र हरियाणा का नंबर वन आवासीय विद्यालय के रूप में देशभर में विख्यात है। यहां पर प्रवेश हेतु हजारों विद्यार्थी आते हैं, जिन छात्रों का प्रवेश गुरुकुल में हुआ है, वे बहुत सौभाग्यशाली है क्योंकि गुरुकुल में

एक ऐसा माहौल छात्रों को उपलब्ध कराया जाता है, जिससे छात्र पढ़ाई में तो टॉप करते हीं है साथ ही उन्हें नैतिक मूल्यों, संस्कार और आपसी प्रेम की भावना से परिपूर्ण किया जाता है जिससे वे देश के एक सभ्य नागरिक बनें। उन्होंने सभी छात्रों से गुरुकुल परिसर में सभी नियमों का सख्ती से पालन करने का भी आग्रह किया, साथ ही कैशलेस पॉलिसी के तहत डिजिटल कार्ड सिस्टम लागू करने की घोषणा की। डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में विशेष है। साप्ताहिक बालसभा गुरुकुल में प्रतिभावान छात्रो के लिए एक खुला मंच है, जहां पर बच्चे अपने अध्यापकों के सहयोग से अपनी विशेष प्रतिभा को निखारे और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने इस दौरान गुरुकुल की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और बताया कि पिछले लगभग 2 वर्ष में गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एनडीए के माध्यम से 41 उच्च अधिकारी देश को समर्पित किए हैं, जो देश के किसी भी शिक्षण संस्थान का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।

आधारभूत ढांचे को लगातार किया जा रहा मजबूत : रणबीर सिंह गंगवा

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

- कैबिनेट मंत्री ने 38.60 लाख रुपयों के जल निकासी विकास कार्यों का किया शिलान्यास

चंडीगढ़/धरणी : हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार द्वारा सैक्टर 1 एवं 4, 3 एवं 5 तथा एम.जी.ए. क्षेत्र में वर्षा जल निकासी के 38.60 लाख रुपयों के जल निकासी विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है। यह परियोजना न केवल नागरिकों के जीवन को सुविधाजनक बनाएगी बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की आधुनिक एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है, जिससे नागरिकों को जल भराव की समस्याओं से राहत मिलेगी एवं शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की प्राथमिकता जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना है और इसी दिशा में गांवों से लेकर शहरों तक सड़कें, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नई सडक़ परियोजनाएं, स्मार्ट ग्रिड, जलापूर्ति योजनाएं और आधुनिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा ताकि हर नागरिक को विकास का लाभ मिल सके और हरियाणा आत्मनिर्भर व समृद्ध प्रदेश के रूप में उभर सके। इस अवसर पर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, पार्षद मनोहर लाल वर्मा और अशोक मित्तल, सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री विज ने परियोजनाओं के बारे में की समीक्षा बैठक

चंडीगढ़/धरणी : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अपने अंबाला स्थित शास्त्री कॉलोनी निवास स्थान पर रेलवे विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अंबाला छावनी से संबंधित चल रही परियोजनाओं बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री विज ने कहा कि बीते कल उन्होंने अंबाला छावनी में चल रही परियोजनाओं के तहत रिंग रोड, टांगरी नदी से मिट्टी की खुदाई कार्य का, शहीदी स्मारक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्हें संबंधित कार्यों के तहत कुछ कमियां नजर आई, जिस बारे आज बैठक लेकर इन कमियों को दूर करते हुए कार्यों को तेजी से करने बारे निर्देश दिए हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी से मिट्टी (6 फुट) खुदाई के कार्य के तहत सरकार, एनएचएआई व एमसी का एमओयू हुआ है। इस समझौते के तहत यहां से (6 फुट) जो मिट्टी उठाई जाएगी वह राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य के लिए प्रयोग होगी। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे यहां पर लेवल के तहत यहां से मिट्टी उठान का जो कार्य किया जा रहा है उस गतिविधि पर पूरी नजर रखें। लैवल अनुसार ही यहां से मिट्टी का उठान होना चाहिए। टागरी नदी के तहत चंदपुरा से लेकर जहां तक मिट्टी उठान का कार्य होगा वह एक समान लेवल पर होना चाहिए। यानि नदी की चौड़ाई एक जैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टांगरी नदी की जमीन के तहत कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इस मौके पर डीआरएम विनोद भाटिया, आरटीए सुशील कुमार, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग हरपाल सिंह, अधीक्षक अभियन्ता सिंचाई विभाग मनीष भारद्वाज और डीएसपी रमेश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ने निभाया किसानों, आढ़तियों से किया वायदा

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

उचाना (नरेन्द्र जेठी) : भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किसान, आढ़तियों से किए वायदे को पूरा किया। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 44 लाख रुपए खर्च करके बनाए गए दो धर्मकांटे का उद्घाटन विधायक द्वारा किया गया। अब किसानों को गेहूं से लोडिंग ट्राली के वजन तोल के लिए मंडी से दूर नहीं जाना पड़ेगा। हाइवे पर अतिरिक्त मंडी बनने के बाद से लेकर निरंतर आढ़ती, किसान ये मांग करते आ रहे थे। इसको लेकर उचाना आढ़तियों का प्रतिनिधि मंडल विधायक से मिला था। गेहूं के सीजन से पहले धर्मकांटे को मंजूर करवा कर लगवा कर शुरू करवाने का वायदा विधायक ने आढ़तियों से किया था। इस वायदे को पूरा करते हुए इसका उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि किसान हित को लेकर निरंतर केंद्र, प्रदेश सरकार योजनाएं बना रही है। किसानों का भला अगर पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी नहीं कर सकते तो कोई कर ही नहीं सकता। पीएम निधि के तहत किसानों के खातों में राशि आ रही है तो हरियाणा में सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। किसानों की फसल अगर प्राकृति आपदा से खराब होती है तो उसका मुआवजा किसानों को सरकार देने का काम करती है। जो कांग्रेस के नेता कहते थे कि मंडी, एमएसपी खत्म होंगे आज वो कहीं दिखाई नहीं दे रहे है। आज मंडी भी चल रही है किसानों को फसल का एमएसपी भी मिल रहा है। इस मौके पर मंडी प्रधान विकास पंघाल, बलवान कापड़ो, सत्यनारायण मखंड, सतपाल अत्री, छात्तर सब यार्ड पूर्व प्रधान ओमदत्त डाहोला, साहिल बंसल मौजूद रहे।

हाईवे पर स्थित अतिरिक्त मंडी में लगे धर्मकांटे।

उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर को किया सम्मानित

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

रादौर/जसवंत : उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी का वीरवार को शहर के जाटनगर में पहुंचने पर अखिल भारतीय जाट महासभा जिला प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल व स्थानीय लोगों की ओर से बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि भाजपा की हरियाणा व उत्तराखंड सरकारो द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ने के बेहतर दाम दिए जा रहे है। नायब सैनी सरकार में हरियाणा प्रदेश का समुचित विकास हुआ है। सरकार किसानों के हितो के लिए बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार गन्ने की पैदावार को बढ़ाने के लिए किसानों को अनेक सुविधाएं दे रही है जिससे प्रदेश में गन्ने की खेती को बढ़ावा दिया जा सके। हरियाणा व उत्तराखंड की सीमाएं आपस में मिली हुई है। दोनो राज्यों का आपस में गहरा संबंध है। उत्तराखंड देवभूमि होने के कारण हर वर्ष हरियाणा से भारी संख्या में श्रद्धालु 4 धाम यात्रा करने के लिए उत्तराखंड आते है। चार धाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कड़े प्रयास कर रहे है। उनके प्रयासों से चारधाम यात्रा सुगम हो गई है। इस अवसर पर प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, भारत माटिया, संदीप सैनी, राजकुमार राहिला, हर्ष बंचल आदि मौके पर मौजूद रहे।

उत्तराखंड के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी का स्वागत करते स्थानीय लोग।

फुटबॉल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल आज

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) : हरियाणा खेल विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बेलरखा को फुटबॉल खेल नर्सरी के रूप में अलॉट किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों का चयन आज 11 अप्रैल को किया जाएगा। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि चयन के लिए ट्रायल का आयोजन प्रातः 8ः00 बजे विद्यालय के खेल परिसर में होगा। ट्रायल में 8 वर्ष से 19 वर्ष तक की आयु के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने आयु संबंधी प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचने की अपील की गई है। चयन पूरी तरह खेल प्रतिभा के आधार पर किया जाएगा । प्रधानाचार्य बलजीत गोयत* ने बताया कि खेल नर्सरी सरकार की एक युगांतकारी योजना है, जो विद्यार्थियों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के साथ-साथ उन्हें खेल भावना से जोड़ती है ताकि विद्यार्थी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सामने सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट-133001

शाखा कार्यालय: एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा 'जैसे है जहां है','जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/ सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/ कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी स्टेज
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)	(ज)	(झ)
1.	दीप सिंह (ऋणदाता) शर्मिला देवी (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHAMB 00001466574/ LHAMB 00001466637/ LHAMB 00001466642	खेवट खतौनी नं. 6/9, खसरा नं. 38//7, 38//4/2, मौका माजरा में स्थित, हदबस्त नं. 60, तहसील शहजादपुर, जिला, अंबाला।	रु. 28,42, 210/- 07, अप्रैल 2025	रु. 24,78, 699/- / रु. 2,47, 870/-	07 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	14 मई 2025 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक	13 मई 2025 को सायं 05 बजे से पहले	भौतिक कब्जा
2.	पवन कुमार (ऋणदाता) पूजा (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHHIS00001328076/ NHHIS00001250060	ईस्ट साइड, प्लाट नं. 48, कमेटी नं. प्लेट नं. 921, एमसी प्रॉपर्टी आईडी नं. 155सी972यू178 गांधी नगर में स्थित, तहसील जिला हिसार।	रु. 40,20, 963/- 07, अप्रैल 2025	रु. 54,50, 490/- / रु. 5,45, 049/-	07 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	14 मई 2025 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक	13 मई 2025 को सायं 05 बजे से पहले	भौतिक कब्जा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (**URL Link- https://BidDeal.in**) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को 13 मई, 2025 को शाम 05:00 बजे से पहले आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) या 13 मई, 2025 को सांय 4:00 बजे से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति लेख के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय के पते पर 13 मई 2025 को सायं 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी के पक्ष में होना चाहिए तथा लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें

तिथि: अप्रैल 11, 2025
स्थान: अंबाला, हिसार

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number U65922MH1999PLC120106